## एक नजर में

### घर-घर स्वदेशी : स्वनिर्मित स्वदेशी उत्पाद का उपयोग करें . प्रो .उर्मिला चौकसे



**बुरहानपुर।** हैहय कलचुरी कलाल समाज महिला मंडल द्वारा स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर बनो अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में कलचुरी कलार समाज महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ.उर्मिला चौकसे के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया।

रैली को संबोधित करते हुए डा. उर्मिला चौकसे ने कहा कि हमें स्वनिर्मित स्वदेशी उत्पाद का उपयोग करना और करवाना चाहिए ताकि हम दूसरे देशों पर निर्भर ना रहें और भारत आत्मनिर्भर बने। आज देश के सामने विदेशी चुनौतियां हमलावर हैं। हमें उनसे छुटकारा पाने के लिए आत्मनिर्भर बनना बहुत जरूरी है इसलिए हमें स्वरोजगार और स्वनिर्मित उत्पाद को बढ़ावा देना चाहिए ।कार्यक्रम में कलचुरी कलार समाज महिला मंडल की पदाधिकारी और सदस्याएं उपस्थित रहीं ।संरक्षक श्रीमती रीता चौकसे,सचिव. सुधा चौकसे ने सभी को स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया और अन्य बुद्धिजीवी महिलाओं ने अपने.अपने विचार व्यक्त कर स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया ।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष योगिता चौकसे ,रेखा चौकसे ,कामिनी चौकसे ,उर्मिला चौकसे ,चंचल चौकसे, कल्पना चौकसे,वैशाली चौकस,सोनाली चौकसे,रीना चौकसे ,साधना चौकसे ,नीतू चौकसे ,कीर्ति चौकसे,सविता चौकसे,पूर्वी जायसवाल, अलका चौकसे, आरती चौकसे ,सपना जायसवाल,रचना चौकसे,किरण पसीने,सुनीता शिवहरे ,ममता शिवहरे,मंदा शिवहरे ,लक्ष्मी शिवहरे ,लता चौकसे,तनुजा चौकसे,मोनिका चौकसे,सोनाली चौकसे, तेजल चौकसे, स्वाति चौकसे आदि ने रैली में सहभागिता की। आभार श्रीमती रीना चौकसे ने किया।

### किशोर दा को सुरीले गीतों के माध्यम से संगीत साधना संस्था के गायक कलाकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**बुरहानपुर।** विश्व प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार जी को आज उन की 38 वी पुण्य तिथि पर संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी के गायक कलाकारों ने शिकारपुरा आयुर्वेदिक कॉलेज के सभा कक्ष में श्रद्धांजलि अर्पित की किशोर कुमार संगीत समारोह सोसायटी के अध्यक्ष विलास गोसावी गोसावी ने मां सरस्वती एवं किशोर कुमार के चित्र परआल्यार्पण किया । इस अवसर पर उपाध्यक्ष सैयद शकील मुन्ना ,प्रदीप तिवारी, हरीश राठौर,कैलाश चानदोलकर,प्रदीप जोशी,सुदामा इंगले,मधुकर वाघले ,जितेंद्र भावसार,पवन पाटिल,उमेश शिंदे,प्रिया यादव सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### भक्तामर महास्तोत्र दिवसत्न भक्तामर स्तोत्र से सुख .शांति एवं समृद्धि मिलती है : प्रो . सुरेन्द्र जैन भारती



**बुरहानपुर।** आचार्य श्री मानतुङ्ग स्वामी विरचित भक्तामर महास्तोत्र 48 संस्कृत पद्यों में निबद्ध है। इस स्तोत्र में तीर्थंकरों का गुणात्मक एवं प्रभावकारी वर्णन किया गया है। इस स्तोत्र के पाठ से आरोग्यताए सुखए शांति एवं समृद्धि मिलती है। यह एक अनुभूत सत्य है जिसे बार.बार परखा गया है। इस स्तोत्र से संबंधित बीजाक्षर ह्रींए क्लीं आदि प्रभावकारी हैं तथा मन्त्र चिकित्सा तथा हीलिंग थैरेपी का कार्य करते हैं। अतरू इस स्तोत्र को प्रतिदिन पढना चाहिए। यह विचार अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत्परिषद् के उपाध्यक्ष प्रोण् सुरेन्द्र जैन भारती ने भक्तामर स्तोत्र एक स्वरए एक वादए एक प्रभावना विश्वशांति के लिए कार्यक्रम में भक्तामर महास्तोत्र दिवस पर श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में परम पूज्य आचार्य श्री प्रणामसागर जी महाराज के आह्वान पर आयोजित समारोह में व्यक्त किये। स्थानीय संयोजक सर्वश्री संदीप ठोलियाए दिलीप कासलीवाल एवं प्रवीण गंगवाल ने आयोजना की रूपरेखा प्रस्तुत की और कहा कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में दिनांक 09 अक्टूबर को प्रातरू 9बजकर 9 मिनिटए 9 सेकण्ड पर एक साथ हजारों स्थानों पर भक्तामर स्तोत्र का पाठ हुआ है। मंगलाचरण गौरव गंगवाल ने प्रस्तुत किया। आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पवनकुमार जैन ठोलिया ने स्तोत्र का महत्त्व बताया। आयोजन में धरमचन्द पाटौदी, विमल पाटनी, शेखरचन्द कासलीवाल, दिलीप पहाड़िया, महावीर सोनी, भागचन्द जैन शेखरचन्द जैन, वीरेन्द्र जैनए,अरविन्द जैन, ज्योति पहाड़िया, शोभा गंगवाल, अंजली जैन, मंजू सोनी आदि महानुभावों ने समाजजनों के साथ भक्तामर स्तोत्र का वाचन एवं महिमा पाठए आरती की।

### जनरल मैडिसन, हड्डी रोग एवं नेत्र रोग के स्वास्थ्य शिविर



**बुरहानपुर।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 12 अक्टूबर रविवार को खैराती बाजार बुरहानपुर में जनरल मैडिसन, हड्डी रोग एवं नेत्र रोग के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ.दिव्येश लाड जनरल मैडिसन,डॉ.अकरम खान हड्डी रोग विभाग एवं नेत्र रोग टेक्नीशियन धीरज जवादे के द्वारा इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का नि:शुल्क जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन में एवं ऑल इज वेल हॉस्पिटल स्टाफ के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

# ई .अटेंडेंस के विरोध में संयुक्त आह्वान पर जिला स्तरीय ज्ञापन आज




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** ई.अटेंडेंस के विरोध की रणनीति बनाने के लिए विगत 11 व 12 अक्टूबर को लगातार दो दिन तक हमारे अनेक शिक्षक संगठनों के प्रदेश अध्यक्षों की ऑनलाइन बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रांताध्यक्ष सम्लित हुए ,जिसमें संतोष सिंह दीक्षित, परमानन्द डेहरिया ,मनोहर दुबे,डी.के.सिंगौर ,नवनीत चतुर्वेदी,संतोष सिंह दीक्षित समस्त शिक्षक संगठनों के प्रांतीय व जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी साथी भी सम्लित हुए और सभी के द्वारा संयुक्त रूप से निर्णय लिया गया है कि मध्यप्रदेश के सभी जिलों में ई. अटेंडेंस के विरोध में कल 14 अक्टूबर को जिला स्तर पर समस्त संगठनों के साथ समन्वय बनाकर संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा जायेगा। इसलिए एनएमओपीएस संयुक्त मोर्चा व समस्त शिक्षक संगठनों के साथियों से व अन्य विभाग के कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष, पदाधिकारी व समस्त साथियों से अपील है कि कल जिला मुख्यालय बुरहानपुर पहुँच कर ज्ञापन कार्यक्रम को पूर्णत: सफ्ल बनायें और हम शिक्षकों के खिलाफ इस अमानवीय आदेश ई.अटेंडेंस का संयुक्त रूप से विरोध को सफल बनायें।

**ई अटेंडेंस की जीत तभी संभव है,जब प्रत्येक साथी न लगायें :**-14 अक्टूबर 2025 मंगलवार समय. शाम 4.30 से5.30 बजे बुरहानपुर जिला मुख्यालय पहुंचना है। बुरहानपुर जिले के सभी संगठनों के पदाधिकारी व अध्यक्ष संगठन से ऊपर उठकर ज्ञापन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर समर्थन,सहयोग, सहभागिता सुनिश्चित करें।

ई.अटेंडेंस का विरोध क्यों :- यह अव्यवहारिक है, अमानवीय है, उन शिक्षक साथियों के बारे में सोचो जो दूरस्थ दुर्गम स्थलों में बहुत कठिन संघर्ष के साथ विद्यालय पहुँचते हैं जहाँ सही सड़क नहीं है नदियों में पुल नहीं हैं,जहाँ सही नेटवर्क नहीं हैए जिन्हें आये दिन मीटिंग व स्कूल के अन्य कार्यों से जनशिक्षा केंद्र,संकुल, बीईओ,एसी, डीईओ,ओपीसी, डीएसएम कार्यालय, डाइट, कोषालय, निर्वाचन कार्यालय, बैंक,पोस्ट ऑफिस, अस्पताल व ऐंसे न जाने कितनों जगह में जाना होता है। जब ई अटेंडेंस लागू होगी तो पहले इन स्थितियों को 10.30 बजे स्कूल पहुँचकर ई अटेंडेंस लगाना होगा फ्रि उक्त जगहों पर जाकर कार्य करना होगा फ्रि शाम को 4.30 बजे भागे भागे स्कूल पहुँचकर फ्रि ई अटेंडेंस लगाना होगा इस कारण बहुत से शिक्षक साथी इन भागमभाग में ऐक्सिडेंट के भी शिकार होंगे। फ्रि इस तरह से भागदौड़ में हमें ज्यादा पेट्रोल में पैसा खर्च करना होगाए आर्थिक रूप से ज्यादा पैसा हमारे जेब से जायेगा। हम अपना मोबाइल घर में भूल भी सकते हैंए मोबाईल की बैटरी खत्म भी हो सकती है, मोबाईल खराब भी हो सकता हैए मोबाईल कहीं खो भी सकता हैए मोबाईल बैंक व अन्य कार्य से घर के अन्य सदस्यों के पास छोड़कर भी आना पड़ सकता हैए मोबाईल लोकेशन स्कूल 10 किलोमीटर दूर भी बता सकता है, ई अटेंडेंस लगाने के लिए किसी भवन या पेड़ पर चढ़ना भी होगा फ्रि गिर भी सकते हैं चोटिल हो कर अस्पताल में भर्ती भी हो सकते हैं, हर कोई शिक्षक ऐंड्रॉयड मोबाइल नहीं रखता, किसी के मोबाईल में कुछ ऐप सही चलते भी नहीं हैं, मोबाईल हेंग भी हो सकता है, मोबाईल का डाटा चोरी भी हो सकता है, मोबाईल अचानक गिरने से स्क्रीन खराब भी हो सकता है, फ्रि शासन हमें कोई मोबाईल भत्ता भी नहीं देता है। साथी सच्चे मन से विचार करें इन समस्त कारणों के बाद फ्रि हमारे मोबाइल से ई अटेंडेंस आखिर क्यों वो भी फ्रि शिक्षक ही क्यों क्या अभी तक शिक्षक स्कूलों में नहीं जा रहे थे एया नहीं पढ़ा रहे थे, एक,दो, अपवाद शिक्षक साथियों के कारण अभी संपूर्ण शिक्षकों समाज को चोर व लापरवाह तरीके से आंक कर यह बेतुका व अव्यवहारिक व अमानवीय ई्र्ष्.अटेंडेन्स को हमारे ऊपर थोपना कहाँ तक सही है और फ्रि इसे हमारे वेतन वव्यवस्था से जोड़ना कहाँ तक सही है। उक्त सैकड़ों कारणों से जब हमारा ई्ष्अटेंडेन्स नहीं लग पायेगा और 1,2 या 3 दिन का 5000? से 7000 रुपया वेतन का कटेगा तो बहुत दिक्कत होगी। एंसी हीसमस्याओं को लेकर 14 अक्टूबर को हर हाल में अधिक से अधिक संख्या मैं बुरहानपुर जिला मुख्यालय पहुँचकर ई अटेंडेन्स के विरोध में ज्ञापन कार्यक्रम को अवश्य सफ्ल बनायें।

## मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़ वेल द्वारा सीएमई का आयोजन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़ वेल बुरहानपुर द्वारा 11 अक्टूबर शनिवार को एनएसीएल रेस्टोरेंट बुरहानपुर में सीएमई का आयोजन किया गया। सीएमई में 50 से अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया। में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ.पीयूष सूर्यवंशी नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ ने के द्वारा व्याख्यान दिया गया। सभी डॉक्टर्स के बीच व्याख्यान पर चर्चा की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में एवं बुरहानपुर जनरल फिजिशियन के सदस्यों के सहयोग से ब्डम् का सफ्ल आयोजन किया गया।

## निर्माणाधीन नेशनल हाईवे का भाजपा नेता पाटील ने किया निरीक्षण

**ग्रेवल रोड की मिली सौगात किसानों ने सांसद , विधायक और युवा नेता का माना आभार**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** ग्राम एकलारा . जैनाबाद के निर्माणाधीन नेशनल हाईवे से लगे खेतों में किसानों को आवागमन के लिए हो रही असुविधा को लेकर सोमवार को भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने रोड निर्माण कंपनी के अधिकारियों व क्षेत्रीय किसानों के साथ निरीक्षण किया।

यहाँ पर ग्राम जैनाबाद, बुरहानपुर, उमरदा, एकलारा के किसानों के खेत है। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे के बन जाने के बाद उनके खेतों में जाने के लिए पहुँच मार्ग नहीं है। जिससे खेतों में आने जाने और खेती से जुड़े वाहनों के आवागमन में दिक्कत होंगी।

भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने अधिकारियों से कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों की सरकार है।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा है कि किसानों को आवागमन में कोई दिक्कत ना हो इसके लिए ग्रेवल रोड दिया जाए। संबंधित अधिकारियों ने इस मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि किसानों को खेतों में जाने के लिए ग्रेवल रोड बनाकर दिया जाएगा।

उपरोक्त मांग मानी जाने पर क्षेत्रीय किसानों ने सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, नेपानगर विधायक सुश्री मंजू राजेंद्र दादू और भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील का आभार व्यक्त किया।

यह दौरान जिला पंचायत सदस्य अनिल राठौर , उपसरपंच नंदलाल प्रजापति,राकेश चिते ,अशोक गवली,सुरेंद्र प्रजापति, डैनी भाई ,शाहिद क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

## श्री नंदवंशी अहीर गवली समाज अध्यक्ष बने रमेशचन्द्र परीवाले



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** श्री नंदवंशी अहीर गवली यादव समाज की जिला कार्यकारिणी का गठन प्रतापपुरा गौशाला के पास प्रताप व्यायाम शाला में आयोजीत समाज की बेठक मे सर्वसम्मती से किया गया । इस बैठक मे समाज अध्यक्ष का दायित्व श्री रमेशचन्द्र कालुरामजी परीवाले यादव को सौपा गया । बैठक में कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष परद के लिए बेलीचंद उखमनवाले यादव का नियुक्त किया जाकर शेष कार्यकारणी गठन की दामित्व अध्याक्ष एंव उपाध्याय को सोपा गया । इस अवसर पर बैइक में धनश्याम लखनऊवाले, नरेन्द्र लंकाढहाई, भगत मंडले,अरुण जगनावाले, गणेश परीवले,मूलचंद लंकाढहाई,सुभाष लंकाढहाई,अनिल उखमननाले, गेन्दलाल ताडवाले, सहित समाजबंधु भारी संख्या में उपस्थित थे। नवनियुक्त अध्यक्ष रमेशचन्द्र परीवाले यादव ने अध्यक्ष का दायित्व समाजबंधुओं द्वारा सौपे जाने पर उनका अभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे शीघ्र सम्पूर्ण कार्यकारी का गठन कर समाजीक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर नवकरणीय प्रयास प्रारम्भ करेगें।

## लूम कारखाने में चोरी करने वाले चोरों को किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** फरियादी मयूर बोड़से पिता यशवंत बोड़से उम्र 31 साल निवासी कालाबाग थाना हाजीर आकर बताया की आज मेरे कारखाने से कोई अज्ञात चोर कारखाने में रखें 40 किलो कौन चुराकर ले गया है बाद फरियादी की सुचना पर थाना गणपति नाका पर पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को चोरी के प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में थाना गणपति नाका पुलिस को चोरी के प्रकरण में चोरों को पकड़ने में सफ्लता प्राप्त हुई है । थाना प्रभारी गणपति नाका सुरेश महाले के व्दारा थाना स्तर पर टिम गठित कर प्रभावी मुखबिरी लगाई गई एवं सूचना पर संदिग्ध आरोपी इकबाल खान पिता इब्राहिम खान उम्र 26 वर्ष निवासी आजाद नगर ,मोहम्मद नदीम पिता मोहम्मद रईस उम्र 24 वर्ष निवासी नूर कॉलोनी आजाद नगर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## एचआईवी से पीड़ित व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं किया जा सकता है



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** सीएमएचओ डॉ.राजेंद्र कुमार वर्मा के आदेश अनुसार एवं बुरहानपुर एड्स विभाग का नोडल अधिकारी डॉ.आशुतोष जोशी के मार्गदर्शन में स्कूल और कॉलेजों में जाकर खकनार अस्पताल के आईसीटीसी एड्स परामर्शदाता हरलाल सिसोदिया ने उपस्थिति विद्यार्थियो को एचआईवी के प्रमुख लक्षण के बारेमें विस्तार पूर्वक जानकारी दी है। एचआईवी के प्रमुख लक्षण होते है. बार.बार टीबी होनाएदो से तीन माह तक लगातार बुखार आना,रात में पशीना आना,लिम्फ्नोड में सूजन आने के कारण बोलने में प्रोब्लम होना,बार . बार दस्त की शिकायत होना, शरीर का वजन कम हो जाना आदि अगर ये लक्षण किसी भी इंसान के शरीर में दिखाई दे तो उसको नजर अंदाज नहीं करना चाहिए है उसको आईसीटीसी केंद्र में नि:शुल्क एचआईवी,एड्स की जांच करवा लेना चाहिए समय से पहले और उस इंसान को समय पर बीमारी का इलाज मिल सके और अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को नियमित रूप से दवाई खाकर बड़ा सकता है और एचआईवी पॉजिटिव मरीज भी एक आम इंसान की तरह अपना जीवन जी सकता है । परामर्शदाता हरलाल सिसोदिया ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोईफोडिया में उपस्थित विद्यार्थियो को बताया की एचआईवी पॉजिटिव मरीज के साथ हाथ मिलाने सेएगले मिलने सेएएक ही गिलास से पानी पीने सेएएक ही थाली में साथ में खाना खाने सेएकपड़े पहने से एचआईवी का वायरस दूसरे के शरीर में नहीं पहुंच पाएंगे। सिसोदिया ने बताया की एचआईव से ग्रसित मरीज के साथ भेदभाव नही करना चाहिए। मध्यप्रदेश में एचआईवी एक्ट 2017 आ चुका है एचआईवी/एड्स पॉजिटिव मरीज के साथ भेदभाव करेंगे तो वह व्यक्ति हमारे खिलाफ कानूनी करवाई कर सकता है। एचआईवी/ एड्स पॉजिटिव मरीज को सरकार ये अधिकार दिया है। एचआईवी का टोल फ्री नंबर 1097 से निरूशुल्क जानकारी प्राप्त की जा सकती है ।

## कर्मचारियों का डीए /एरियस एवं विभिन्न मांगों को लेकर विकासखण्ड खकनार में एक दिवसीय प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा कर्मचारियों का डीए एरियस एवं विभिन्न मांगों को लेकर दिनांक 14 अक्टूबर मंगलवार को बीडीओ कार्यालय खकनार में प्रात: 11 बजे से शाम 4.00 बजे तक जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता महाजन के नेतृत्व में जिला इकाई एवं खंड, तहसील इकाई, कर्मचारियों द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

धरने के पश्चात कर्मचारियों की मांगों को लेकर ज्ञापन शासन को सौपा जायेगा, जिसमें जिला इकाई खंड इकाई के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता महाजन ने बताया कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर सहायक आयुक्त आदिम जाति विभाग जिला बुरहानपुर को जिला प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष संजय चौधरी एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी दिलीप इंगले के नेतृत्व में भेंट कर ज्ञापन सौंपा था लेकिन आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई, दिपावली त्यौहार आ रहा है एरियस नहीं मिलने से शिक्षकों एवं कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

**एक नजर** — 1 अक्टूबर से लेकर 15 अक्टूबर 2025 तक पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान....

# रेलवे स्टेशन परिसर एवं रेल यात्रियों को दिया स्वच्छता जागरूकता का सन्देश



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** रेलवे मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर जिला बुरहानपुर के रेलवे स्टेशन मेनेजर विनय मेहता ने बताया की 1 अक्टूबर से लेकर 15 अक्टूबर 2025 तक पूरे देश में स्वच्छता पखवाडा अभियान के अंतर्गत दिंनाक 12.10.2025 वार रविवार को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशन परिसर एवं रेल में यात्रा कर रहे यात्रियों को रेलवे विभाग बुरहानपुर एवं समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता का सन्देश जन जन को दिया स

स्वच्छता जागरूकता अभियान को संबोधित करते हुए रेलवे अधीक्षक विनय मेहता ने कहा की रेलवे परिसर हो या रेल के अंदर का भाग हो हर जगह स्वच्छता रखना इस देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है स हम देखते है विदेशो में की वहा कैसे स्वच्छता रहती है स हमे अपने देश को स्वच्छ और साफ़रखने के लिए देश के प्रधानमन्त्री की मंशा को पूरा करना होगा स

रेलवे स्वच्छता जागरूकता अभियान को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाज सेवी एवं जनजाग्रति संस्था के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा की किसी भी धर्म में गंदगी के वास का कोई स्थान नही है अक्सर हम देखते है रेल में कई यात्री गण कुछ भी खाते पीते है जहा बैठते है वही फेक देते है। कई बार तो यह भी देखा गया है की जो रेल का टॉयलेट है उसको भी गन्दा करने से नही चुकते है। जबकि प्रत्येक नागरिक जो यात्रा कर रहा होता है उसको यह मालूम होता है की स्वच्छता का हमारे जीवन में हमारे स्वास्थ्य के प्रति कितना महत्वपूर्ण स्थान है।

जन जाग्रति संस्था के सम्माननीय सदस्य नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर डॉ फौजिया सोडावाला, संस्था अध्यक्ष डॉ किरण सिंह , डॉ हर्ष वर्मा , रजनी गट्टान,आशा तिवारी के साथ साथ स्टेशन प्रबंधक विनय कुमार मेहता, उप स्टेशन प्रबंधक एस एन सिंह, स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता,मुख्य टिकट निरीक्षक शकील अहमद सिद्दकी, रेल सुरक्षा बल स्टॉफ ,वाणिज्य विभाग, परिचालन विभाग,के स्टॉफ , क्लीनिंग ककॉन्ट्रैक्ट सुपरवाइजर एवं हाउस कीपिंग स्टॉफ सम्मिलित हुए हैं। उपरोक्त जानकारी स्टेशन अधीक्षक विनय मेहता ने दी।

### जिसने विपरित परिस्थिति में अवसर को ढूंढ लिया, वही सच्चा नागरिक : महेंद्र जैन



राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य मिशन के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह अधीक्षक जिला चिकित्सालय बुरहानपुर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय बुरहानपुर की मनकक्ष टीम द्वारा सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकताए स्क्रीनिंग एवं परामर्श सत्र आयोजित किया गया ।छात्रावास में निवासरत छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग कर व्यक्तिगत परामर्श प्रदान दिया गया, ताकि वे तनाव, चिंता या आपात स्थितियों में भी मानसिक रूप से सशक्त बने रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए में वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र जैन ने कहा आपदाओं या संघर्ष की स्थिति में जो व्यक्ति मानसिक संतुलन बनाए रखता हैए वही जीवन में सफ्लता पाता है और समाज को नई दिशा देता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. फोजिया सोडावाला ने कहा की इस देश की युवा पीढ़ी ही मानसिक अवस्था में होने वाली दुर्घटनाओ में कमी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ.किरण ठाकुर ने कहा की एसी परिस्थिति में धैर्य और शांति से लिया गया निर्णय ही अच्छे परिणाम देता है एकार्यक्रम को संबोधित करते हुए नर्सिंग ऑफिसर सीमा डेविड ने उपस्थित समुदाय को बताया की जीवन में युवा पीढ़ी को बहुत सोच समझकर हर परिस्थिति का सामना करते हुए अपने आपको स्म्भ्लाते हुए दुसरो को सँभालने का कार्य करना साहस और संतुलन बनाए रखना ही सच्चा स्वास्थ्य के प्रति मार्गदर्शन है। इस अवसर पर उन्होंने मनहित ऐप एवं हेल्पलाइन 14416 की जानकारी दीए जो 24 घंटे निशुल्क मानसिक परामर्श सेवा प्रदान करती है। कार्यक्रम में सिस्टर कुमारी विनीता ,छात्रावास अधीक्षक सम्राट सोनोने,स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।